पूर्व बृहस्पत सिंह
पूर्व विधायक
विधानसभा - रामानुजगंज
उपाध्यक्ष - सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) छत्तीसगढ़ शासन
अध्यक्ष - एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, पाल, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्यमेव जयते

स्थायी निवास : जेल रोड, रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़
निवास : सिविल लाईन, डी-6, रायपुर छत्तीसगढ़ - 492001
मोबाईल : 99261-39362, 99261-05315
ईमेल : brihaspatsingh07@gmail.com

क्रमांक 1427/2023/रायपुर

दिनांक 09 DEC 2023

प्रति,

मा0 श्री दिपक बैज जी,
अध्यक्ष,
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़
राजीव भंवन, रायपुर

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक 1285 दिनांक 09.12.2023 के जवाब हेतु ।

माननीय महोदय जी,

मैं एक कांग्रेस के छोटा आदिवासी सिपाही हूँ आपसे छत्तीसगढ़ में पराजय के मुख्य विन्दुओं को आकर्षित करना चाहुगां :–

(1) विधान सभा चुनाव वर्ष 2023 के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के तत्कालिन पंचायत मंत्री मा0 श्री टी0एस0 सिंहदेव ने चार पेज के अपने इस्तीफे में यह आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार राज्य के 7 लाख प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का पैसा नहीं दे रहे हैं इसलिए मैं पंचायत मंत्री के पद रो इस्तीफा दे रहा हूँ, उक्त इस्तीफे से छत्तीसगढ़ के विधानसभा से लेकर सड़क तक और कांग्रेस के सभी मंत्री, सांसद, विधायक के घर घेरने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया था जिसके कारण कांग्रेस की अपूर्णनीय राजनीतिक क्षति हुई थी और भाजपा के पक्ष में आम जनता में माहौल वनी थी उसी समय छत्तीसगढ़ राज्य के कांग्रेस प्रभारी को दिल्ली हाई कमान को रिपोर्ट करना चाहिए था और ऐसे बयान देने वाले मंत्री के विरूद्ध कार्यवाही किया गया होता तो शायद विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की पराजय नही हुई होती जिसके पराजय की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ राज्य के कांग्रेस प्रभारी एवं तत्कालीन पंचायत मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मा0 टी0एस0 सिंहदेव साहब जिम्मेदार है ।

(2) छत्तीसगढ़ में पूरे कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था जिसमें मा0 श्री मल्लिकार्जून खड़गे जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीया सोनिया गांधी जी, मा0 राहुल गांधी जी, माननीया श्रीमती प्रियंका गांधी जी सहित पूरे देश के सभी वरिष्ठ कांग्रेस के नेता की उपस्थिति हुई थी अधिवेशन में छत्तीसगढ़ माडल पूरे देश में लागू करने की बात हुई थी

O/C

11/12/2023

बृहस्पत सिंह
पूर्व विधायक
विधानसभा - रामानुजगंज
उपाध्यक्ष - सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) छत्तीसगढ़ शासन
अध्यक्ष - एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, पाल, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

स्थायी निवास : जेल रोड, रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़
निवास : सिविल लाईन, डी-6, रायपुर छत्तीसगढ़ - 492001
मोबाईल : 99261-39362, 99261-05315
ईमेल : brihaspatsingh07@gmail.com

क्रमांक ..............................

दिनांक 0 9 DEC 2023



तथा मा0 खड़गे जी, माननीया सोनिया गांधी जी, मा0 राहुल गांधी जी, माननीया प्रियंका गांधी जी, सभी ने भरी सभा में कहा था छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है और छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए वादे हमारी कांग्रेस सरकार ने लगभग पूरी कर दी है, जिसके बाद से छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बने थे परन्तु कुछ ही दिनों के बाद छत्तीसगढ़ के डिप्टी सी0एम0 माननीय टी0एस0 सिंहदेव साहब ने सार्वजनिक तौर पर प्रेस के सामने इन सभी माननीय खड़गे जी, मा0 राहुल गांधी जी, माननीया सोनिया गांधी जी, माननीया प्रियंका गांधी जी को चुनौती देते हुए यह कहा कि छत्तीसगढ़ में 36 वादे किए गए थे जिसमें से मात्र 12 वादे पूरे किए गए है, शेष वादे हमारी सरकार ने पूरी नही कि है, ऐसा वक्तव्य देने के बाद से कांग्रेस के विरोध में और भाजपा के पक्ष में राजनीतिक लाभ हुई उपरोक्त घटना की जानकारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी कुमारी शैलेजा जी को तत्काल हाई कमान को अवगत कराना चाहिए था जो नहीं कराई, मा0 टी0एस0 सिंहदेव के विरूद्ध उसी समय कार्यवाही हो गई होती तो आज विधान सभा 2023 चुनाव में कांग्रेस को पराजय नही होती जिसके लिए पूर्णतः छत्तीसगढ़ राज्य क़ी प्रभारी एवं राज्य के डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव दोषी है इनके विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जानी चाहिए ।

(3) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में देश के प्रधान मंत्री मा0 नरेन्द्र मोदी जी के सभा में छत्तीसगढ़ के तत्कालिन डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव के द्वारा सार्वजनिक मंच में यह बोला गया कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी छत्तीसगढ़ को उम्मिद से ज्यादा सहयोग किए हैं, कर रहे है और करेगें । जबकि हमारे कांग्रेस पार्टी के देश और प्रदेश के सभी नेताओं ने यह आरोप लगाया था कि जहां जहां गैर भाजपा की सरकारें है छत्तीसगढ के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है एवं छत्तीसगढ़ के साथ अनदेखा करने का आरोप लगाया था परन्तु तत्कालिन डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव जी ने कांग्रेस के सारे नेताओं को चुनौती देते हुए कांगेस के विरोध में एवं भाजपा के पक्ष में सार्वजनिक मंच में ऐलान किया था उसी समय छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी शैलेजा जी को तत्काल, कांग्रेस हाई कमान को अवगत करा दिया होता पार्टी विरोधी गतिविधि की कार्यवाही हो गई होती तो आज पुनः छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होती जिसके लिए छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभार शैलेजा जी एवं छत्तीसगढ़ के तत्कालिन डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव जी दोषी है इसलिए शैलेजा जी को तत्काल पद से हटा

**बृहस्पत सिंह**
पूर्व विधायक
विधानसभा - रामानुजगंज
उपाध्यक्ष - सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) छत्तीसगढ़ शासन
अध्यक्ष - एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, पाल, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

स्थायी निवास : जेल रोड, रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़
निवास : सिविल लाईन, डी-6, रायपुर छत्तीसगढ़ - 492001
मोबाईल : 99261-39362, 99261-05315
ईमेल : brihaspatsingh07@gmail.com

क्रमांक ............................ दिनांक 09 DEC 2023



दिया जाए एवं डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव जी के उपर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावे ।

(4) छत्तीसगढ़ के सरगुजा–अम्बिकापुर संभाग के प्रवास के दौरान सभी प्रोटोकॉल के नियमों को ताक मे रखकर डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव साहब वाहन चला रहे थे और छत्तीसगढ़ राज्य के कांग्रेस प्रभारी फोटो सूट करा रही थी ऐसा देखने के बाद सरगुजा संभाग के लोगों को लगा की छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी शैलेजा जी सरगुजा संभाग को सामन्तशाहो के हाथ में सौपने आई है जिससे सरगुजा सम्भाग के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं ने नाराज होकर सभी 14 सीटों को भाजपा के पक्ष में चला गया जिसके लिए डिप्टी सी0एम0 मा0 टी0एस0 सिंहदेव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी शैलेजा जी जवाबदार है जिसका फोटो एवं विडियो देखा जा सकता है ।

(5) मै कांग्रेस पार्टी का एक छोटा सिपाही हूँ, छत्तीसगढ में कांग्रेस सरकार को डुबाने का पूरा श्रेयउक्त दोनो नेताओं को जाता है, इसकी दुबारा पुनरावृत्ति लोकसभा चुनाव 2024 में न हो, कोई भी कांग्रेस नेता कांग्रेस पार्टी को नुकसान न पहुचां सके, मिशन 2024 सफल हो सके इसलिए उक्त आशय का पत्र भेज रहा हूँ ताकि कांग्रेस पार्टी हित में उचित कार्य हो सके ।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

बृहस्पत सिंह
पूर्व विधायक रामानुजगंज–07

प्रतिलिपिः–

(1) मा0 श्री मल्लिकार्जून खड़गे जी,
अध्यक्ष,
अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी, नई दिल्ली को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ ।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

राजीव भवन, शंकर नगर चौक,
रायपुर - 492001 ( छ.ग. )
फोन : 0771-2236793
2236794, 2236795
Email: cgpccryp.2018@gmail.com

क्रमांक 1285 दिनांक 09/12/2023

## —: कारण बताओ नोटिस :—

प्रति,

श्री वृहस्पत सिंह
पूर्व विधायक
जिला—बलरामपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव—2023 के परिणाम उपरांत आपके द्वारा प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं के उपर सार्वजनिक रूप से लगाये गये तथ्यहीन आरोप समाचार पत्रों एवं विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है। आपके द्वारा लगाये गये आरोप से पार्टी की छवि धुमिल हो रही है, जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ—नोटिस जारी किये जाने का निर्णय है।

मान. प्रदेश अध्यक्ष जी के निर्देशानुसार आपको कारण—बताओ नोटिस जारी किया जाता है। नोटिस का लिखित जवाब/स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

आदेशानुसार

Malkeet Singh

(मलकीत सिंह गैदू)
प्रभारी महामंत्री(संगठन एवं प्रशा.)

प्रतिलिपि—

1. मान. कुमारी सैलजा जी, महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी को सादर सूचनार्थ.
2. मान. श्री भूपेश बघेल जी, पूर्व मुख्यमंत्री—छत्तीसगढ़ को सादर सूचनार्थ.
3. मान. श्री टी.एस. सिंहदेव जी, पूर्व उप—मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी—बेमेतरा को सादर सूचनार्थ.
4. मान. श्री धनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष—प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति को सादर सूचनार्थ.
5. मान. डॉ. चंदन यादव जी, एआईसीसी सचिव एवं छ.ग. प्रभारी को सादर सूचनार्थ.
6. मान. श्री सप्तगिरीशंकर उल्का जी, एआईसीसी सचिव एवं छ.ग. प्रभारी को सादर सूचनार्थ.
7. मान. श्री विजय जांगिड़ जी, एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छ.ग. प्रभारी को सादर सूचनार्थ.
8. श्री सुशील आनंद शुक्ला, अध्यक्ष—संचार विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ

294 AAdesh.